# बनास नदी में हो रहे अवैध बजरी खनन को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के कई इलाकों से गुजर रही बनास नदी को अवैध बजरी खनन से जुड़े माफियाओं ने छलनी करके रख दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर के नेतृत्व में प्रभावित किसानों ने हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना के खिलाफ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर भीलवाड़ा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि उच्च न्यायालय जयपुर की ओर से सिविल पिटीशन 4250/2012 में खनन पर प्रतिबंध होने के बावजूद लीजधारक महादेव इन्क्लेव प्रा. लि. खुलेआम इनका इस्तेमाल कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बनास नदी के ब्लॉक नंबर 7 में 8 से 10 मीटर गहरा खनन किया जा रहा है, जबकि अनुमति केवल 0.5 मीटर की है। इससे सरकार को प्रतिदिन करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान हो रहा है। लीजधारक कंपनी द्वारा चरागाह भूमि पर रास्ते बना दिए गए पेड़ों को काट दिया गया। नदी के बहाव क्षेत्र को अवरुद्ध कर दिया गया है। इससे चरागाह की घास नष्ट हो गई और मवेशी भूखे मरने की स्थिति में हैं। कंपनी ने न तो पर्यावरण स्वीकृति के तहत पेड़ लगाए और न ही सीमा निर्धारण के पिलर लगाए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और माइनिंग विभाग पर लीजधारक से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा भी किया।



प्रभावित किसानों ने हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना के खिलाफ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर भीलवाड़ा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया।

- हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना के खिलाफ किसान भीलवाड़ा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा
- ग्रामीणों ने बताया कि बनास नदी के ब्लॉक नंबर 7 में 8 से 10 मीटर गहरा खनन किया जा रहा है, जबकि अनुमति केवल 0.5 मीटर की है

आरोप है कि पुलिस द्वारा डंपर की सुरक्षा में बजरी निकाली जा रही है और विरोध करने पर ग्रामीणों को डराया धमकाया जा रहा है। ठेकेदार के कुछ कर्मचारियों पर अवैध हथियार रखने और हिस्ट्रीशीटर होने के आरोप भी लगाए गए। राष्ट्रीय सचिव गुर्जर ने कहा कि अगर अवैध खनन नहीं रुका तो बनास की गहराई कुओं से अधिक हो जाएगी जिससे सिंचाई और पेयजल संकट खड़ा होगा, किसानों और मवेशियों का जीवन खतरे में आ जाएगा। ब्लॉक नंबर 7 की लीज तुरंत निरस्त करने, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की सख्ती से पालना करने, अवैध मशीनों और डंपरों पर कार्रवाई करने, माइनिंग विभाग और लीजधारक के बीच की मिलीभगत की जांच की करने और पर्यावरण और चरागाह भूमि की बहाली की व्यवस्था की सहित हाथ से बजरी निकालने की मांग की है।

# बिजली कंपनी एमडी ने दो इंजीनियर सहित तीन को सस्पेंड किया

## नोखा के काकड़ा गांव में बिजली चोरी मामले में कार्रवाई नहीं करने पर कार्रवाई की

**बीकानेर,** (निसं)। जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल ने बुधवार को जिला वृत्त अधिकारियों की बैठक के दौरान दो इंजीनियर सहित तीन को सस्पेंड कर दिया। नोखा के काकड़ा गांव में बिजली चोरी मामले में कार्रवाई नहीं करने पर ये कार्रवाई की गई।

तीन इंजीनियर को चार्जशीट जारी करने के आदेश दिए। जोनल चीफ इंजीनियर ऑफिस में हुई बैठक के दौरान ये कार्रवाई की। नोखा के काकड़ा गांव में एक साथ 8 अवैध ट्रांसफार्मर से बिजली चोरी पर हुई कार्रवाई की जानकारी दी गई। बिजली चोरी के प्रति लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रबंध निदेशक ने क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर अजयपाल सिंह व तकनीकी कर्मचारी राजेंद्र कुमार के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई। इसके साथ लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले असिस्टेंट इंजीनियर नापासर, सहायक अभियंता (ग्रामीण) नोखा, जूनियर इंजीनियर भामटसर के खिलाफ चार्जशीट के निर्देश निदेशक (तकनीकी) को दिए गए। प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को टारगेट पूरे करने के आदेश दिए। फील्ड स्तर पर टीम भावना से काम करने और नियमित मॉनिटरिंग के आदेश दिए। उन्होंने कृषि कनेक्शन शीघ्र जारी करने के आदेश दिए। कृषि कनेक्शनों में लापरवाही पर असंतोष जताया। प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को रबी सीजन से पूर्व सभी लंबित कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए। विजिलेंस लक्ष्यों की पूर्ति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विजिलेंस टीम बनाकर उपभोक्ताओं से बकाया वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग कनेक्शनों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में निदेशक (तकनीकी) वी के छंगाणी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (मुख्यालय) अशोक गोयल, अधीक्षण अभियंता जिला वृत्त भूपेंद्र भारद्वाज एवं जिले के समस्त अधिशासी एवं सहायक अभियंता उपस्थित रहे।

# आपसी कहासुनी में दो जनों को चाकू मारा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। छोटी-छोटी बातों को लेकर पड़ोसियों के बीच कभी-कभी जुबानी जंग हमले में बदल जाती है। इसका नतीजा बड़ी वारदात के रूप में भी कभी-कभी सामने आता है। ऐसा ही मामला पुर के चौबे मोहल्ले से सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसारयहां एक व्यक्ति के मकान का काम चल रहा था तो पड़ोस के ही प्रकाश, सुनील और अनुराग गहलोत ने आपत्ति की। यहां तक कि गाली देने लगे और उनको गिरा दिया।

इस बीच अनुराग अंदर से चाकू लेकर आया। हाल यह रहा कि दो व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। दीपक पाठक ने बताया कि घायलों को एमजी अस्पताल के ट्रोमा वार्ड में भर्ती करना पड़ा। इधर आरोपी के खिलाफ पुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही पुलिस ने एमजी अस्पताल पहुंचकर घायलों और पीड़ितों से भी बयान लिए हैं। आगे की कार्रवाई जारी है।

# जेजेटी यूनिवर्सिटी की नर्सिंग पीएचडी डिग्रियों की वैधता पर संदेह!

- 400 से अधिक नर्सिंग पीएचडी डिग्रियां जारी, आरटीआई में भारतीय नर्सिंग काउंसिल का मान्यता से इनकार

**झुंझुनूं,** (निसं)। चुड़ैला स्थित श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला (जेजेटी) विश्वविद्यालय ने अब तक 4000 से अधिक पीएचडी डिग्रियां जारी की हैं, जिनमें नर्सिंग विषय की 400 से अधिक डिग्रियां भी शामिल हैं, लेकिन हाल ही में डॉ. सागरसिंह कछावा के आरटीआई के जवाब में भारतीय नर्सिंग परिषद (आईएनसी) ने स्पष्ट कर दिया है कि इस विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नर्सिंग पीएचडी कार्यक्रम को कानूनी मान्यता प्राप्त नहीं है।

भारतीय नर्सिंग परिषद के अनुसार यह डिग्री भारतीय नर्सिंग काउंसिल अधिनियम, 1947 की धारा 10 के तहत मान्यता प्राप्त नहीं है। यानी इस विश्वविद्यालय से प्राप्त नर्सिंग पीएचडी डिग्री को मान्यता नहीं मिली है, जिसने हजारों छात्रों के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। अभ्यर्थियों ने अपनी डिग्री की वैधता और कॅरिअर विकल्पों को लेकर चिंता व्यक्त की है। क्योंकि मान्यता न मिलने की स्थिति में वे सरकारी सेवाओं, शैक्षिणक कार्य या शोध कार्यों में समस्या का सामना कर सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की डिग्रियां शिक्षा क्षेत्र की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को प्रभावित करती हैं। इस मामले में विश्वविद्यालय और संबंधित उच्च शिक्षा नियामक संस्थाओं से इस स्थिति की जांच कर उचित कदम उठाने की मांग की जा रही है। साथ ही, नर्सिंग और अन्य विषयों में डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों से सतर्क रहने और मान्यता सत्यापित करने की अपील की गई है। शिक्षा विभाग द्वारा भी इस संबंध में निगरानी बढ़ाने और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके और छात्रों के हितों की रक्षा की जा सके। यह मामला न केवल विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को प्रभावित करता है बल्कि पूरे शैक्षिणक तंत्र में विश्वास के मुद्दे को भी उजागर करता है, जिसके लिए ठोस और पारदर्शी कार्रवाई आवश्यक है।

# महाजन फायरिंग रेंज में भारत और रूस के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास "इंद्रा" शुरू

## भारत और रूस के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास की शुरुआत 2003 से हुई थी

- इंद्रा एक्सरसाइज का उद्देश्य, अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई सहित दोनों देशों की सेनाओं के बीच समन्वय और सामंजस्य बढ़ाना है

**बीकानेर,** (निसं)। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और रूस के बीच युद्धाभ्यास "इंद्रा" शुरू हो गया। 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस युद्धाभ्यास के उद्घाटन समारोह में रूसी सेना के मेजर जनरल आंद्रे कोजलोव और भारतीय सेना की गांडीव डिवीजन के कमांडर मेजर जनरल संजय चंद्र कांडपाल सहित दोनों देशों की सैन्य टुकड़ी शामिल हुई।

गौरतलब है कि भारत और रूस के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास की शुरुआत 2003 से हुई थी। साल 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से इंद्रा एक्सरसाइज को रोक दिया गया था। इंद्रा एक्सरसाइज का उद्देश्य, अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई सहित दोनों देशों की सेनाओं के बीच समन्वय और सामंजस्य बढ़ाना है। एक्सरसाइज के जरिए दोनों देशों की सेनाएं, आतंकवाद रोधी अभियानों की रणनीति में सुधार करना भी शामिल है। एक्सरसाइज के जरिए दोनों देशों की सेनाएं परिचालन क्षमता बढ़ाने और आधुनिक युद्ध के संदर्भ में सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने पर विशेष ध्यान देंगी। साथ ही अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत करना और साझा सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त क्षमता विकसित करना है। एक्सरसाइज के जरिए भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

# नवजात बच्चों को फैंकने की घटनाओं पर रालसा ने संज्ञान लिया

- पालना गृह का सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने निरीक्षण किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पिछले दिनों भीलवाड़ा के बिजौलियां में 15 दिन के शिशु को मुंह में पत्थर ठूस फेंकने के मामले ने पूरे प्रदेश को झंकझोर दिया था। ऐसी घटनाओं की पुनरावर्ती रोकने के लिए राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जयपुर (राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर) द्वारा ऐसी घटनाओं पर संज्ञान लिया गया एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को जिलों में स्थित पालना गृहों के निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधीकरण,जयपुर के निर्देशों की पालना में बुधवार को विशाल भार्गव (अपर जिला न्यायाधीश) सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा ने भीलवाड़ा जिले में स्थापित दो पालना गृह, महात्मा गांधी चिकित्सालय ,भीलवाड़ा एवं राजकीय दत्तक ग्रहण ऐजेंसी, राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह पालड़ी का निरीक्षण किया एवं उपस्थित अधिकारी से पालना गृहों का निर्धारित मानकों के अनुसार संचालन किया जा रहा है या नहीं व सुरक्षित छोड़े गये नवजातों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, स्वास्थय तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिये। विशाल भार्गव ने तालुका स्तर पर भी पालना गृह स्थापित करने के लिए जिला कलेक्टर व निदेशक समाज कल्याण विभाग को पत्र प्रेषित किया।

# बंदी फरार

**बीकानेर,** (निसं)। यहां खुली जेल में बंद सजायाफ्ता बंदी बीती शाम फरार हो गया। अपने बेहतर आचरण के चलते उसे खुली जेल में रखा गया था, जहां से वो मंगलवार की शाम फरार हो गया। जेल प्रशासन ने अब बीछवाल पुलिस थाने में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। महाराष्ट्र के मुरैना का रहने वाला रूप सिंह मंगलवार को सुबह खुली जेल में था। वो दिनभर वहां काम करता और शाम को भी खुली जेल में सोता था। यहां के सभी बंदियों की सुबह और शाम हाजिरी होती है। मंगलवार शाम करीब सात बजे हाजिरी ली गई तो उसमें रूप सिंह नहीं था। खुली जेल में सभी जगह रूप सिंह की तलाश की गई, लेकिन वो नहीं मिला।उसके गायब होने से बंदीगृह के सुरक्षाकर्मियों के होश उड़ गए। तुरंत इधर-उधर ढूंढा गया लेकिन रूप सिंह नहीं मिला। बुधवार को भी उसकी तलाश की गई लेकिन वो फरार ही रहा। अब बीछवाल पुलिस ने उसके घर के साथ ही परिचितों के यहां भी जांच बढ़ा दी है। बीछवाल थाने में बीएनएस की धारा 262 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच हेड कॉन्स्टेबल सुरेंद्र कुमार को सौंपी गई है।

# सड़क हादसे में एक की मौत

**निवाई,** (निसं)। मंगलवार की रात में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरथल तिराहे के समीप एक अज्ञात वाहन ने एक कार के टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार में सवार तीन जने घायल हो गए जिनमें से उपचार के दौरान जयपुर में एक की मौत हो गई। बरोनी थाना प्रभारी बृजेंद्रसिंह ने बताया कि मंगलवार की रात को अज्ञात वाहन ने एक कार के टक्कर मार दी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बृजेश पुत्र भंवरलाल सैन निवासी बूंदी गोठड़ा थाना डबलाना, जिला बूंदी, भरत सिंह पुत्र राम सिंह निवासी सरसोवा, जिला बूंदी व सीताराम पुत्र कल्याणमल चंदेल निवासी डबलाना को घायलावस्था में निवाई अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से चिंताजनक हालत में तीनों को जयपुर रैफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान जयपुर में भरत सिंह की मौत हो गई।

# चोरी करने वाली अंतर्राष्ट्रीय गैंग का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार


पुलिस ने सामान चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- फ्लिपकार्ट कंपनी के ट्रक से 226 मोबाइल फोन व अन्य सामान चुराया था

**अलवर,** (निसं)। अपराधी इतने शातिर हो चुके हैं कि दूसरे के कागज लगा कर ट्रक ड्राईवर की नौकरी हासिल करते और रास्ते में ही लाखों के सामान को पार कर लेते। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में ऑनलाइन ठगी, सेक्सटॉर्शन, ओएलएक्स, म्यूल अकाउंट, फर्जी सिम आदि फ्रॉड के विरुद्ध नेकीराम पुलिस निरीक्षक, पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़ जिला अलवर के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए फिल्पकार्ट कम्पनी के ट्रक में से कीमती मोबाईल फोन व अन्य कीमती सामान चोरी करने वाली अन्तर्राष्ट्रीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए चोरी किये गये एपल कम्पनी के 27 मोबाइल फोन सहित तीन आरोपी गिरफ्तार किये गये।

घटना अनुसार परिवादी लखनपाल सिंह निवासी भोराकला बिलासपुर थाना बिलासपुर जिला गुड़गांव हरियाणा ने एक रिपोर्ट इस आशय की पेश कि की मेरी ट्रांसपोर्ट कम्पनी अमृतसिंह मोटर के वाहन को फर्जी दस्तावेज पेश कर प्राप्त कर भिवण्डी महाराष्ट्र में फ्लिपकार्ट वेयर हाउस से माल भरकर लाया गया और उक्त वाहन में से 234 आईटम गायब हुए हैं, जिनमें 221 आईफोन, 16, वीवो फोन, 1 सेमसंग गेलेक्सी, 2 रेडमी फोन, 1 हैड फोन आदि सामान थे। इस तरह दोनों ड्राईवर नासिर खान व चाहत खान ने लोड वाहन ट्रक में से मुम्बई व दिल्ली के बीच पड़ने वाले रास्ते में 234 आइटम चुरा लिये। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि नासिर खान व चाहत खान नाम के व्यक्तियों ने अपने फर्जी दस्तावेज पेश किये थे और नासिर खान व चाहत खान नाम के दोनों व्यक्ति इस नाम के ना होकर क्रमशः अफजल व असलम निवासी गोठडीगुरु के हैं।

इस पर मुकदमा दर्ज कर जांच की। जांच के दौरान अफजल निवासी गोठडीगुरु थाना लक्ष्मणगढ़ जिला अलवर, असलम निवासी गोठडीगुरु थाना लक्ष्मणगढ जिला अलवर, सुधीर यादव निवासी असलीमपुर की ढाँणी तिजारा थाना तिजारा जिला खैरथल तिजारा को गिरफ्तार किया गया व 27 एप्पल कम्पनी के मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं।

# शोभायात्रा के साथ दो दिवसीय "थार महोत्सव" शुरू

## विभिन्न प्रतियोगताएं आकर्षण का केन्द्र रही, नक्षत्री थार सुन्दरी और धमेन्द्र डाबी थारश्री बने

**बाड़मेर,** (नि.सं.)। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बाड़मेर जिला मुख्यालय पर राजस्थानी कला, संस्कृति, लोक गायकी और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय थार महोत्सव का आगाज जिला कलेक्टर टीना डाबी ने गांधी चौक पर शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया। यह भव्य शोभायात्रा मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, नेहरू नगर होते हुए करीब डेढ़ किलोमीटर का सफर तय करते हुए आदर्श स्टेडियम पहुंची।

- दादा-पोता दौड़ में 67 साल के मूलाराम और 14 साल के पोते महिपाल ने रेस जीती
- दंपती दौड़ में सरकारी अध्यापक सवाईराम अपनी पत्नी का हाथ पकड़कर दौड़े और रेस जीती


थार महोत्सव का जिला कलेक्टर टीना डाबी ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर आगाज किया।


थारश्री बने धर्मेन्द्र डाबी।

इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लिए गांधी चौक से रवाना हुईं। शाही लवाजमे के साथ निकली शोभायात्रा में विभिन्न क्षेत्रों से आए दलों ने प्रस्तुतियां दी। ऊंट, घोड़े, ऊंट गाड़ी पर सवार लोक कलाकारों ने गीतों की प्रस्तुतियां दी। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस बार महोत्सव में कार्यक्रमों की थीम रंग रेगिस्तान पर रखी गई है। शोभायात्रा के आदर्श स्टेडियम पहुंचने पर थार महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यहां गेर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। यहां जिला कलक्टर टीना डाबी, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, बाड़मेर उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर, आईएएस छाया सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने हाइड्रोजन बैलून छोड़कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान समाजसेवी दीपक कड़वासरा, रमेशसिंह इंदा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी, कार्मिक, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस दौरान थार श्री एवं थार सुन्दरी प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें से निर्णायक मंडल ने मुंबई के सोफिया कॉलेज में पढ़ने वाली नक्षत्री को थार सुन्दरी चुना। वहीं बाड़मेर में मैकेनिक का काम करने वाले धर्मेंन्द्र डाबी ने परंपरागत पोषाक, आभूषण, व्यक्तित्व के आधार पर थारश्री का खिताब जीता। घुड़सवारी प्रतियोगिता में बाड़मेर शहर निवासी रूपसिंह अपने घोड़े श्याम को लेकर पहुंचे। इस दौरान दादा-पोता दौड़ में 67 साल के मूलाराम और 14 साल के पोते महिपाल ने रेस जीती। इसी तरह दंपती दौड़ में सरकारी अध्यापक सवाईराम अपनी पत्नी का हाथ पकड़कर दौड़े और रेस जीती। वहीं महिलाओं ने सिर पर मटका लेकर दौड़ लगाई। इस मटका दौड़ में बिशाला की रतनी विजेता रही। इस दौरान साफा बांधने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान प्रशासन और मीडिया के बीच रस्साकस्सी का रोचक मुकाबला हुआ, जिसमें जिला प्रशासन की टीम विजेता रही और मीडिया टीम उप विजेता रही। इन टीमों को जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार और बाड़मेर उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर ने ट्रॉफी प्रदान की।

थार महोत्सव के प्रथम दिन आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में ढोल वादन में सैफ अली खान विजेता, पनिहारी मटका दौड़ रतनी, परमेश्वरी, सुशीला, मेहंदी प्रतियोगिता में प्रियंका, लक्ष्मी, गंगा, रंगोली में सुनील, मनु, संतोष विजेता रहे। बास्केटबाल प्रतियोगिता शहीद उगमसिंह क्लब एवं मल्लीनाथ क्लब के मध्य हुआ। इसमें 41-55 से मल्लीनाथ क्लब से मुकाबला जीता। दादा पोता दौड़ में विजेता मूलाराम-महिपाल, रस्सा कस्सी महिला में ग्रामीण महिला विजेता, सुंदर मूंछ प्रतियोगिता में खेताराम, साफा बांधो प्रतियोगिता में दीपसिंह भाटी, सुंदर साफा में अशोक शेरा, दंपति दौड़ में सवाईराम एवं लता विजयी रहे।

# श्रीगंगानगर में छाई धुंध, विजिबिलिटी 100 मीटर

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने के साथ ही सर्दी का असर लगातार बढ़ रहा है। पिछले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री तक गिरावट रिकॉर्ड की गई है। सुबह-शाम सर्दी बढ़ने लगी है और बारिश के बाद मौसम ठंडा होने लगा है। बुधवार को ग्रामीण इलाकों में धुंध के कारण विजिबिलिटी 100 मीटर रही। कृषि अनुसंधान केंद्र, श्रीगंगानगर पर बुधवार सुबह का न्यूनतम पारा 19.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 20.2 और अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। सोमवार को न्यूनतम तापमान 25 डिग्री व अधिकतम तापमान 37 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले 4 से 5 दिन जिले में मौसम ड्राई रहेगा और धूप रहेगी। किसानों ने बताया कि खेतों में मूंग की फसल पकने को है, जबकि नरमा और कपास की चुगाई का काम शुरू हो चुका है। आंधी और बारिश के कारण इन फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।

# दो कारों से शराब जब्त

**डूंगरपुर,** (निसं)। धंबोला थाना पुलिस ने अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

घटनाक्रम के अनुसार मुखबिर के जरिये मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने थाने के बाहर नाकेबंदी के दौरान शराब से भरी दो लग्जरी कारों को रोका और उनकी तलाशी लेने पर दोनों कारों के बोनट में छिपाकर रखी शराब की 140 बोतल जब्त की है। वहीं, तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर के जरिए सागवाड़ा से सीमलवाड़ा होकर गुजरात शराब तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना पर थाने के बाहर नाकेबंदी की गई। इस दौरान दो कारें आगे पीछे आते हुए दिखाई दी। पुलिस ने दोनों कारों को रुकवाकर तलाशी ली। इस दौरान दोनों कारों के बोनट में शराब छिपाकर रखी हुई थी। जिस पर पुलिस ने दोनों कारों को जब्त किया। एक कार से शराब की 69 बोतल व दूसरी कार से 71 बोतल शराब बरामद की। पुलिस ने उदयपुर निवासी विजय सिंह, डूंगरपुर जिले के बांदेला निवासी सुभाष चंद्र लबाना और डूंगरपुर के निठाउवा निवासी दिलीप लबाना को गिरफ्तार किया है।